**शिक्षा निदेशालय, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली**

**मध्यावधि अभ्यास प्रश्न पत्र (सत्र: 2026-2027)**

**कक्षा : VI** **विषय: हिंदी**

**अवधि: 2:30 घंटे** **पूर्णांक: 60**

---

सामान्य निर्देश :

निम्नलिखित निर्देशों को पढ़कर उनका पालन कीजिए :

- इस प्रश्न पत्र में कुल चार खंड हैं- 'क', 'ख', 'ग' और 'घ'।
- इस प्रश्नपत्र में कुल 11 प्रश्न हैं। सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।
- प्रश्नपत्र में आंतरिक विकल्प दिए गए हैं।
- प्रश्नों के उत्तर दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए लिखिए।
- यथासंभव प्रत्येक खंड के प्रश्नों के उत्तर क्रमश: लिखिए।

---

**खंड क (अपठित बोध)**

**प्रश्न 1. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए - (5)**

रबींद्रनाथ ठाकुर बचपन में छिप-छिपकर लिखा करते थे। अपनी पहली कविता उन्होंने आठ वर्ष की आयु में लिखी और सोलह वर्ष की आयु में उनका पहला कविता संग्रह प्रकाशित हुआ। मन तो उनका संगीत से सराबोर था ही, गला भी उनका मधुर था। बचपन से ही वे गीत लिखते, उनकी धुन बाँधते और अत्यंत ललित कंठ में गाया करते। बच्चों से उन्हें अपार प्रेम था। वह उनसे केवल प्यार ही नहीं करते, बल्कि उनका खूब आदर भी करते थे। बच्चों के लिए लिखी गई उनकी पहली कविता थी 'विष्टि पड़े टापुर-टुपुर'। बाद में उन्होंने बच्चों के लिए 'शिशु', 'शिशु भोलनाथ' आदि अनेक कविता-पुस्तकें लिखीं।

i. रबींद्रनाथ ठाकुर की जब पहली कविता प्रकाशित हुई तब वे कितने वर्ष के थे ? 1

(क). बारह (ख). छह

(ग). सोलह (घ). आठ

ii. 'गला भी उनका मधुर था' वाक्यांश का अर्थ है कि रबींद्रनाथ ठाकुर - 1

(क). बेसुरा गाते थे (ख).अच्छा गाते थे

(ग). धीमा बोलते थे (घ). तेज़ बोलते थे

iii. रबींद्रनाथ ठाकुर द्वारा बच्चों के लिए लिखी किसी एक रचना या पुस्तक का नाम लिखिए। 1

iv. गद्यांश पढ़कर आपको रबींद्रनाथ ठाकुर के भीतर कौन-कौन से गुण नज़र आए ? किन्हीं दो गुणों का वर्णन कीजिए। 2

**प्रश्न 2. निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए - (5)**

सारे जग के शुभचिंतक,
ये पेड़ बहुत उपकारी।
सदा-सदा से वसुधा इनकी
ऋणी और आभारी।
परहित जीने-मरने का
आदर्श हमें सिखलाएँ।

फल देते, ईंधन देते हैं,
देते औषधि न्यारी।
छाया देते, और देते हैं
सरस हवा सुखकारी।
ऑक्सीजन का मधुर खजाना
भर-भर हमें लुटाएँ।

i. काव्यांश में शुभचिंतक कहा गया है - 1

(क). हवा को (ख). वसुधा को
(ग). ऑक्सीजन को (घ). पेड़ों को

ii. काव्यांश में 'सदा-सदा' का प्रयोग किस अर्थ में हुआ है ? 1

(क). हमेशा-हमेशा (ख). कभी-कभी
(ग). यहाँ-वहाँ (घ). बीचों-बीच

iii. 'भर-भर हमें लुटाएँ' पंक्ति में 'हमें' शब्द किसके लिए प्रयोग में आया है? 1

iv. काव्यांश के अनुसार पेड़ क्या-क्या देते हैं ? किन्हीं दो वस्तुओं का वर्णन कीजिए। 2

## खंड ख (व्यावहारिक व्याकरण)

**प्रश्न 3. व्याकरण पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए - (10x1=10)**

i. 'मुँह मोड़ लेना' मुहावरे का प्रयोग करते हुए एक वाक्य लिखिए।

ii. 'पत्र' शब्द के दो अलग-अलग अर्थ लिखिए।

iii. परिवार के साथ - अनेक शब्दों के लिए एक शब्द लिखिए।

सही अर्थ या संदर्भ से मिलान कीजिए -

| | |
|---|---|
| iv. चमकीला | तिमिर |
| v. 'दिया' का मानक रूप | दीपक |
| vi. अंधकार का समानार्थी | गुणवाचक विशेषण |

vii. ________ चावल लेते आना। (रिक्त स्थान पर उचित परिमाणवाचक विशेषण लिखिए।)

viii. तुम ________ जा रहे थे ? (रिक्त स्थान पर उचित प्रश्नवाचक सर्वनाम लिखिए।)

ix. क्रिया के दो भेद होते हैं - अकर्मक और __________ । (उचित भेद लिख कर वाक्य पूरा कीजिए।)

x. 'मैं ही प्रथम आऊँगा।' वाक्य में 'ही' का प्रयोग अपनी बात पर बल देने के लिए किया गया है। (सही / ग़लत)

## खंड ग (पाठ्यपुस्तक)

**प्रश्न 4. निम्नलिखित पठित गद्यांश पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के सबसे सही विकल्प चुनकर लिखिए। (4x1=4)**

मेरा जन्म सन् 1904 में प्रयाग में एक साधारण परिवार में हुआ। बाद में हम झाँसी आकर बस गए। 16 साल की उम्र में मैं 'फर्स्ट ब्राह्मण रेजिमेंट' में एक साधारण सिपाही के रूप में भर्ती हो गया। मेरी रेजिमेंट का हॉकी खेल में काफ़ी नाम था। पर खेल में मेरी दिलचस्पी नहीं थी। उस समय हमारी रेजिमेंट के सूबेदार मेजर तिवारी थे। वे बार-बार मुझे हॉकी खेलने के लिए कहते। हमारी छावनी में हॉकी खेलने का कोई निश्चित समय नहीं था। सैनिक जब चाहे मैदान में पहुँच जाते और अभ्यास शुरू कर देते। उस समय तक मैं एक नौसिखिया खिलाड़ी था।

i. गद्यांश के अनुसार लेखक किस शहर में पले-बढ़े ?

(क). प्रयाग (ख). झाँसी

(ग). मुंबई (घ). पुणे

ii. लेखक की पहली नौकरी ___________ के रूप में लगी।

(क). सूबेदार (ख).सिपाही

(ग). हॉकी-खिलाड़ी (घ). क्रिकेट-खिलाड़ी

iii. मेजर तिवारी लेखक को हॉकी खेलने के लिए __________ करते थे।

(क). मना (ख). हतोत्साहित

(ग). मजबूर (घ). प्रेरित

iv. गद्यांश में लेखक ने जिस समय का वर्णन किया है उस समय उनका हॉकी का खेल था -

(क). प्रखर (ख). उत्कृष्ट

(ग). परिश्रमहीन (घ). अनुभवहीन

**प्रश्न 5. गद्य पाठों पर आधारित निम्नलिखित लघु-उत्तरीय प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़कर <u>किन्हीं दो</u> प्रश्नों के उत्तर लिखिए। (2x2=4)**

1. रामप्रसाद बिस्मिल के लिए माताजी का सबसे बड़ा आदेश क्या था?
2. पहली बार सुलतान (घोड़े) को देखकर खड्गसिंह आश्चर्यचकित क्यों रह गया?
3. 1936 के बर्लिन ओलंपिक की किस घटना ने मेजर ध्यानचंद को 'हॉकी का जादूगर' बना दिया?

**प्रश्न 6. गद्य पाठों पर आधारित निम्नलिखित दीर्घ-उत्तरीय प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़कर <u>किन्हीं दो</u> प्रश्नों के उत्तर 30-40शब्दों में लिखिए। (2x3=6)**

1. स्वतंत्रता सेनानी भगत सिंह का रामप्रसाद बिस्मिल के बारे में क्या विचार था? अपने शब्दों में लिखिए।
2. बाबा भारती द्वारा गरीबों के प्रति चिंतित होना उनके स्वभाव के किस गुण को दर्शाता है? आपके अनुसार गरीबों की सहायता करना क्यों आवश्यक है?
3. खेल के मैदान में मेजर ध्यानचंद अपने साथी खिलाड़ियों के लिए क्या प्रयास करते थे? दो बिंदुओं में लिखिए।

**प्रश्न 7. निम्नलिखित पठित पद्यांश पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के सबसे सही विकल्प चुनकर लिखिए। (4x1=4)**

रहिमन देखि बड़ेन को, लघु न दीजिये डारि।
जहाँ काम आवे सुई, कहा करे तलवारी।।

तरुवर फल नहिं खात हैं सरवर पियहिं न पान।
कहि रहीम पर काज हित, संपति सँचहि सुजान।।

रहिमन धागा प्रेम का, मत तोड़ो छिटकाय।
टूटे से फिर ना मिले, मिले गाँठ परि जाय।।

i. प्रथम दोहा सीख देता है -
(क). सबकी प्रशंसा करना (ख). सबका सम्मान करना
(ग). किसी को कष्ट न पहुँचाना (घ). किसी की उपेक्षा न करना

ii. दूसरे दोहे में तरुवर और सरवर का अर्थ है -
(क). तोता और साँप (ख). बादल और पक्षी
(ग). नदी और पहाड़ (घ). पेड़ और तालाब

iii. दूसरे दोहे के अनुसार सज्जन पुरुष संपत्ति का संचय किस लिए करते हैं?
(क). पेट भर भोजन करने के लिए (ख). ज्ञान अर्जित करने के लिए
(ग). मान-सम्मान पाने के लिए (घ). दूसरों की भलाई करने के लिए

iv. तीसरे दोहे में किसे बचाए रखने की सीख दी गई है ?
(क). संबंधों को (ख). व्यापार को
(ग). वस्त्रों को (घ). धागों को

**प्रश्न 8. पद्य पाठों पर आधारित निम्नलिखित लघु-उत्तरीय प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़कर किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लिखिए। (2x2=4)**

1. 'मातृभूमि' कविता में वर्णित 'मलय पवन' की क्या विशेषता है?
2. 'पहली बूँद' कविता में धरती को 'वर्षा की पहली बूँद' अमृत समान क्यों लगती है? लिखिए।
3. कवि क्यों चाहता है कि हम स्नेह भरे दिए जलाते रहें?

**प्रश्न 9. पद्य पाठों पर आधारित निम्नलिखित दीर्घ-उत्तरीय प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़कर किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर 30-40 शब्दों में लिखिए। (2x3=6)**

1. 'जलाते चलो' कविता आशा और उत्साह जगाने वाली कविता है। अगर आपका मित्र किसी घटना से निराश हो जाए तो आप उसे निराशा से बाहर कैसे निकालेंगे ? कोई दो उपाय लिखिए।
2. रहीम विपदा (मुसीबत) को अच्छा मानते हैं। क्यों? विश्लेषण करते हुए लिखिए।
3. 'मातृभूमि' कविता में भारत का सुंदर वर्णन किया गया है। आपको अपना देश 'भारत' क्यों प्रिय है? दो पंक्तियों में लिखिए।

**खंड घ (रचनात्मक लेखन)**

**प्रश्न 10. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 80-100 शब्दों में पत्र लिखिए। (1x6=6)**

1. आपकी कक्षा स्कूल पिकनिक पर विज्ञान संग्रहालय जाना चाहती है। निवेदन करते हुए प्राचार्य को पत्र लिखिए।
2. इस बार दिल्ली के पल-पल बदलते मौसम ने आपको बहुत हैरान किया है। नानीजी को पत्र लिख कर दिल्ली के मौसम के बारे में बताइए।

**प्रश्न 11. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 80-100 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए। (1x6=6)**

1. बिजली के बिना एक दिन
    - दैनिक कार्यों में आई कठिनाइयाँ
    - परिवार ने मिलकर समय बिताया
    - बिजली बचाने का महत्त्व समझा

2. पानी बचाना क्यों ज़रूरी है?
    - पानी जीवन के लिए आवश्यक है
    - पानी की कमी के प्रभाव
    - पानी बचाने के सरल उपाय

3. मेरे विद्यालय का भोजनावकाश
    - बातचीत और मिलकर खाने का आनंद
    - मन का उत्साहित होना
    - विद्यालय की स्वच्छता का ध्यान रखना